दैनिक न्याय साक्षी

# खबरें खास

रायगढ़, सोमवार 13 जनवरी 2020
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### घरघोड़ा से बालिका लापता जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना घरघोड़ा में दिनांक 12.01.2020 को 15 वर्षीय बालिका के लापता हो जाने की रिपोर्ट उसके पिता द्वारा दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि दिनांक 11.01.2020 के दोपहर करीब 3.00 बजे बालिका अपनी चाची को सब्जी लेने बाहर जा रही हूँ कहकर घर से निकली थी और वापस नही आई है। बालिका को आसपास एवं रिस्तेदारों में पता किया कोई पता नही चला है। रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध अप.क्र. 09/2020 धारा 363 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायगढ़ आयेंगे

» मुख्यमंत्री का दौरा कार्यक्रम

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 13 जनवरी को एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास पर आयेंगे एवं नगर पालिक निगम रायगढ़ के नवनिर्वाचित महापौर एवं सभापति के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 13 जनवरी को हेलीकाप्टर द्वारा पूर्वान्ह 11.10 बजे पुलिस ग्राउण्ड रायपुर से प्रस्थान कर पूर्वान्ह 11.55 बजे मिनी स्टेडियम हेलीपेड रायगढ़ आयेंगे। मुख्यमंत्री बघेल दोपहर 12 से 12.50 बजे तक नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में पदभार ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। तत्पश्चात दोपहर 12.55 बजे मिनी स्टेडियम हेलीपेड से हेलीकाप्टर द्वारा रायगढ़ से जिला-जांजगीर-चांपा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### राज्यपाल उइके दो दिवसीय मुंबई प्रवास पर

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके 13 जनवरी को सुबह 11:45 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 1:35 बजे छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय विमानतल मुंबई पहुंचेंगी और वहां से प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे राजभवन महाराष्ट्र मुंबई पहुंचेंगी। सुश्री उइके 14 जनवरी को सुबह 7:30 बजे राजभवन मुंबई से रवाना होकर सुबह 11 बजे सर्किट हाउस पालघर, मुंबई पहुंचेंगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे कोलगांव, पालघर (महाराष्ट्र) में आयोजित ''आदिवासी सांस्कृतिक एकता महासम्मेलन'' में शामिल होंगी और दोपहर 3 बजे वहां से रवाना होकर शाम 6:30 बजे राजभवन महाराष्ट्र मुंबई पहुंचेंगी। राज्यपाल सुश्री उइके 15 जनवरी 2020 को सुबह 9:40 बजे छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय विमानतल मुंबई से प्रस्थान कर सुबह 11:50 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर पहुंचेंगी।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नगर पालिक निगम रायगढ़ के नवनिर्वाचित महापौर एवं सभापति के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल होंगे

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 13 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे पंजरी प्लांट स्थित न्यू ऑडिटोरियम में नगर पालिक निगम रायगढ़ के नवनिर्वाचित महापौर एवं सभापति के पदभार ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे, नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम विभाग मंत्री डॉ.शिव कुमार डहरिया, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल होंगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती गोमती साय, विधायक लालजीत सिंह राठिया, विधायक प्रकाश नायक, विधायक चक्रधर सिंह सिदार, विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े उपस्थित रहेंगे।

### खेल एवं संस्कृति को जीवित रखने का सराहनीय प्रयास -राज्यपाल

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का रंगारंग आगाज रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में हुआ। मुख्य अतिथि राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके, मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल सहित विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने युवा महोत्सव के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री उमेश पटेल को बधाई देते हुए कहा कि इससे छत्तीसगढ़ के विभिन्न ग्रामीण खेलों, लोक नृत्य, ललित कला और शास्त्रीय संगीत पर आधारित प्रतियोगिताओं से ग्रामीण खेल प्रतिभाएं निखर कर बाहर आएंगी।

# पुलिस परिवार का नव वर्ष मिलन व सम्मान समारोह

» कार्यक्रम में अधिकारी/कर्मचारियों के परिवारजन भी हुए शामिल » जिला पुलिस के इतिहास पहली बार हुआ ऐसा आयोजन

**न्याय साक्षी/रायगढ़। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन पर दिनांक 11.01.2020 को जिला पुलिस के इतिहास में पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों एवं पुलिस परिवारजनों का संयुक्त रूप से नववर्ष मिलन एवं सम्मान सम्मेलन का वृहद कार्यक्रम का आयोजन केलो पार्क रायगढ़ में आयोजित किया गया।**

पुलिस अधीक्षक महोदय संतोष कुमार सिंह द्वारा एडिशनल एसपी रायगढ़ अभिषेक वर्मा को नववर्ष में पुलिस परिवारजनों के साथ भेंटवार्ता के लिए कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिए थे जिस पर एडिशनल एसपी वर्मा एवं थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा भेंटवार्ता को नववर्ष मिलन एवं सम्मान समारोह के रूप में आयोजित करने का विचार कर रूपरेखा तैयार किए। कार्यक्रम में सभी अधिकारी/कर्मचारीगण परिवारजनों के साथ शामिल होने हेतु आमंत्रित थे। यह कार्यक्रम नववर्ष के प्रथम सप्ताह में होना था किंतु मौसम अनुकूलित नहीं होने के कारण इसे आज 11.01.2020 (द्वितीय शनिवार) को केलो पार्क में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी राजपत्रित, थाना/चौकी प्रभारीगण, पुलिस कार्यालय, कंट्रोल रूम, रक्षित केंद्र के स्टॉफ अपने परिवारजनों सहित शामिल हुए। कार्यक्रम में उत्साह अपनी चरम में था, सुबह 10:00 बजे से ही कार्यक्रम स्थल पर एक के बाद एक मनोरंजक एवं रोचक




कार्यक्रम हुए जिसमें सभी अधिकारी व कर्मचारीगण बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। कार्यक्रम के मध्य में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा वर्ष 2019 में बेहतर दिशा निर्देशन देने वाले राजपत्रित अधिकारियों, कुशल नेतृत्व क्षमता वाले थाना/चौकी प्रभारी तथा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन एवं अपनी व्यवसायिक क्षमता के अनुरूप बेहतर से बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाएं। एसपी सिंह ने कहा कि जिले में पुलिस जवानों के उत्साहवर्धन के लिए कॉप आफ द मंथ दिया ही जा रहा है यह सम्मान भी इनकी ऊर्जा को बढ़ाएगा इसलिए इसे शामिल किया गया है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने यह भी कहा है कि इस प्रकार का आयोजन होते रहना चाहिए और आगे भी ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा।






## दुष्कर्म का आरोपी पुलिस हिरासत में



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना लैलूंगा में 30 वर्षीय महिला द्वारा दिनांक 12/01/2020 को उसके गांव के लीलाधर सांवरा पिता नकुल सांवरा उम्र 28 साल द्वारा दिनांक 01.01.2020 के दोपहर घर अंदर घुसकर डरा धमकाकर मारपीट कर बल पूर्वक बलात्कार करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। महिला ने बताया कि घटना दिनांक को उसका पति मोहल्ले में गया हुआ था, दोपहर करीब 03.00 बजे गांव का लीलाधर संवरा घर आया और अश्लील बातें कहते हुए गाल में तमाचा मारा फिर डरा धमकाकर कर दुष्कर्म किया, थोड़ी देर बाद पति के घर आने पर लीलाधर को देखकर पकड़ लिये थे छुड़ाकर घर से भाग गया था। पीडिता द्वारा लिखित आवेदन थाना लैलूंगा में पति के साथ आकर दिये जाने पर आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 06/2020 धारा 376,323,506 भादंवि दर्ज कर आरोपी लीलाधर सांवरा को हिरासत में लिया गया है।

## युवती से छेड़खानी जुर्म दर्ज



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना सारंगढ़ में 19 वर्षीय युवती द्वारा दिनांक 11.01.2020 को गांव लालाध्रुवा के बोधीराम चौहान 20 साल एवं हेमसागर सारथी 20 साल द्वारा छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। पीडिता बतायी कि दिनांक 10.01.2020 को छेरछेरा के दिन गांव तथा आसपास गांव के कुछ लोग सुबह छेरछेरा मांगने घर आये थे। शाम को करीब 05.00 बजे जब युवती अपनी छोटी बहन के साथ घर में थी, इसकी मां पानी लेने हैण्डपम्प गई थी उसी समय लालाध्रुवा गांव का बोधीराम चौहान एवं हेमसागर सारथी जो सुबह छेरछेरा मांगने आये थे फिर से छेरछेरा मांगने के बहाने आंगन में युवती का हाथ पकड़कर छेडखानी कर रहे थे, युवती चिल्लाई तो उसकी बहन बाहर आयी जिसे देख दोनों लड़के भाग गये। युवती के रिपोर्ट पर थाना सारंगढ़ में आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 32/2020 धारा 354,456,34 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## युवा उत्सव में रायगढ़िया स्वादिष्ट फरा व्यंजन होगा खास

» गुड़ के बने अइरसा की होगी मिठास » रायगढ़ की गृहिणी महिलाएं युवा उत्सव में फुड फेस्टिवल में हो रही हैं शामिल

**न्याय साक्षी/रायगढ़। छत्तीसगढ़ की संस्कृति की खासियत यहां के खई-खजाना का अनोखा स्वाद है। यहां के स्वादिष्ट व्यंजनों की श्रृंखलाएं पौष्टिकता से भरपूर है। रायगढ़ की गृहिणी महिलाएं रायपुर में आयोजित युवा उत्सव में फुड फेस्टिवल में शामिल हो रही हैं।**



इस अवसर पर फुड फेस्टिवल में श्रीमती नित्या बेक, शीतल दुबे, अनिता चौहान एवं जानकी साहू छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा, अइरसा, ठेठरी, खुरमी, देहाती बड़ा, मालपुआ, साबूदाना बड़ा बनायेंगी। गृहिणी श्रीमती नित्या बेक ने कहा कि हम सभी घर से निकलकर कुछ करना चाहते हैं और अपनी एक विशेष पहचान बनाना चाहते हैं। घर के कार्य पूर्ण कर अपने बच्चों की परवरिश करने के साथ ही गढ़कलेवा में छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाने का कार्य भी करते हैं। श्रीमती शीतल दुबे ने कहा कि व्यंजन बनाने के पश्चात सबसे पहले भगवान को भोग लगाते है, उसके बाद ही जनसामान्य को परोसते हैं। श्रीमती अनिता चौहान ने कहा कि हम सभी घरेलू महिलाएं है और पहली बार युवा उत्सव में भाग लेने रायपुर जा रहे है।

### मानवता हुई शर्मसार, नवजात शिशु को महिला ने फेंक दिया तालाब में,गिरफ्तार

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र से मां की ममता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। खबर है कि एक मां ने अपने ही नवजात बच्चे को तालाब में फेंक दिया, जिससे नवजात की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने से मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। फिलहाल इस बात का अभी खुलासा नहीं हुआ है कि आरोपी महिला ने अपने बच्चे को तालाब में क्यों फेंका है। घटना लैलूंगा थाना के रामपुर भेड़ीमुडा गांव की बताई जा रही है। यहां रविवार को एक महिला अपने नवजात बच्चे को लेकर तालाब पहुंची और देखते ही देखते उसने अपने बच्चे को तालाब में फेंक दिया। वहां मौजूद लोग बच्चे को बचा पाते इससे पहले उसकी सांसे थम गई थी। इसके बाद लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

# मानव विकास और गुणवत्तापूर्ण सेवा की बुनियाद पर समृद्ध और खुशहाल छत्तीसगढ़ बनायेंगे-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

» इतवारी बाजार में सब्जी विक्रेताओं ने सुना लोकवाणी

**न्याय साक्षी/रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की छठवीं कड़ी को आज इतवारी बाजार में मेहनतकश सब्जी विक्रेताओं एवं सब्जी लेने आए नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सुना।**

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि सब्बो संगवारी मन ला 2020 नवा बछर के गाड़ा-गाड़ा बधाई अउ शुभकामना। आप मन के सहयोग से छत्तीसगढ़ देश के नवा बिसवास बनके उभरे हे तो मोला अब्बड़ संतोस मिलथे। एक बछर के सफर में मोला जम्मो मन के साथ, आसिरवाद, मया अउ मार्गदर्शन मिलिस। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2020 से शासन की ओर से देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना शुरू कर दी गई है। डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना के तहत 65 लाख परिवार लाभान्वित होंगे। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जिसमें मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना के तहत 20 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता गरीब एवं जरूरतमंदों को दी जाएगी। सरकार ने इस बात का विशेष ध्यान रखा है कि जांच का खर्च भी योजना में शामिल हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण, किसानों, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य कमजोर तबकों के साथ ही युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए हर उपाय किए गए है। नये वर्ष में अनेक बड़ी स्थायी योजनाएं और अधोसंरचना के लिए कार्ययोजना




बनाते हुए मानव विकास एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा की बुनियाद पर समृद्ध और खुशहाल छत्तीसगढ़ बनायेंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कहा कि स्वामी जी ने धर्म को किसी एक विचार की कट्टरता में बांधकर नहीं रखा था, बल्कि उन्होंने दुनिया के सभी धर्मो को इंसान के उत्थान का जरिया बताया था। उन्होंने समाज के सबसे पिछड़े हुए लोगों की सेवा करते हुए उनके आगे बढने् के लिए अनेक कदम उठाये थे। मुख्यमंत्री बघेल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैंने छत्तीसगढ़ में रामकृष्ण मिशन के संस्थापक स्वामी आत्मानंद को समर्पित भाव से सेवा करते हुए देखा है। उन्होंने कहा कि जब हम स्वामी विवेकानंद का स्वामित्व गहराई से पढ़ेंगे तो विवेक जागृत होगा। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की स्मृति में रायपुर में युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन शिक्षाकर्मियों का 8 वर्ष पूरा हो रहा है उनका नियमितीकरण आदेश निकाला जा रहा है। ऐसे लगभग 7 हजार शिक्षाकर्मियों के नियमितीकरण का आदेश इस माह निकाल दिया जाएगा। शिक्षा मितान या अतिथि शिक्षकों के 1885 पद स्वीकृत किए गए है। लगभग 15 हजार व्याख्याताओं की भर्ती की प्रक्रिया पूर्णता की ओर है। नई उद्योग नीति के माध्यम से उद्योगों में आर्थिक राहत के माध्यम से व्यापार में भी युवाओं को नये अवसर दे रहे है।

पसरा में सब्जी का विक्रय करने वाले परिश्रमी सब्जी विक्रेता रामकुमार निषाद ने बताया कि वे सुबह से ही विभिन्न प्रकार की सब्जियां लेकर बाजार में आते हैं, जिसके लिए उन्हें काफी मेहनत करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि उन्हें शासन की नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना बहुत पसंद है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अन्नदाता किसानों के हमदर्द हैं और उनकी उन्नति के लिए यह खास योजना बनायी हैं जो एक मजबूत पहल है। ग्राम-सेमीभांवर के भीमसेन मालाकार ने कहा कि उन्हें शासन की स्वास्थ्य के क्षेत्र में आरंभ की गई डॉ.खूबचंद बघेल योजना एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना अच्छी लगी। शासन की ओर से इलाज के लिए 20 लाख रुपए की राशि से जरूरतमंद लोगों को बहुत मदद मिलेगी। इस अवसर पर प्रेमलता साहू, कलावती, पीर बी, ज्ञानराम साहू, विनोद मानिकपुरी, रामेश्वर वैष्णव, गोलू नायक, अनिल विश्वास, निधि मालाकार, दुर्गेश मालाकार उपस्थित थे।

## महामृत्युंजय शिव मंदिर समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ अंचल के वार्ड नम्बर 1 राजीव नगर में स्थित त्रिदेवताओं के मंदिर महामृत्युंजय शिव मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं सद्गुरु साईनाथ महराज के मंदिर की जो सेवा समिति है वो आये दिन सामाजिक कार्यों में जुटी रहती है।

उसी के तहत महामृत्युंजय मन्दिर समिति ने आज रविवार को सुबह 9 बजे से सारे सदस्यों के साथ मिलकर मन्दिर के बाहर और बगल में श्मशान के पास साफ सफाई की। इसमें महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सुरेखा साओ, नारायणी पटेल, सरस्वती साहू, रामकली तिवारी, कुमुदनी सोना यह कार्यक्रम सम्पन्न मन्दिर समिति के अध्यक्ष ललित कुमार तिवारी जी, उपाध्यक्ष मेघनाथ पटेल, निरंजन दाश, संतोष साव, विश्वास पवार, लेखराम पटेल, कौशल पटेल, पार्षद महोदय गौतम प्रभाती महापात्र, एवं समस्त संरक्षकगण के उपस्थिति में हुआ। मन्दिर के मुख्य पीठाधीश पण्डित प्रीतिरंजन दाश जी ने बताया कि समिति आगे भी सभी समाजिक कार्यों में अग्रसर रहेगी। यह अभियान आगे चलकर पूरे मोहल्ले में फैलाया जाएगा।

आज विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर यह शुभ कार्य सम्पन्न किया गया।



## राज्य स्तरीय युवा महोत्सव युवाओं ने शब्दों में पिरोया 'नरवा, गरूवा, घुरवा, बारी'

» निबंध प्रतियोगिता में 15 से 40 आयु वर्ग में बलौदाबाजार की ममता साहू और 40 वर्ष से अधिक वर्ग में कोरिया जिले के श्री योगेश गुप्ता रहे प्रथम

**रायपुर।** राजधानी रायुपर में आयोजित तीन दिवसीय युवा महोत्सव के पहले दिन आज खेल संचालनालय में निबंध प्रतियोगिता में युवाओं ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी ग्राम सुराजी 'नरवा गरवा घुरवा बारी' को अपने शब्दों में पिरोया। अपनी लेखनी के माध्यम से युवाओं ने निबंध में 'नरवा, गरवा, घुरवा, बारी, की उपयोगिता और उसके जनजीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को व्यक्त किया। प्रतियोगिता में 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में बलौदाबाजार जिले की ममता साहू ने प्रथम, बेमेतरा जिले के प्रदीप कुमार पाठक ने द्वितीय और राजनांदगांव जिले के विजय कुमार देवांगन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480